सार-समाचार

पुजारी के मैनेजमेंट सिस्टम से प्रभावित हुए मुख्यमंत्री गहलोत

सुजानगढ़ (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सालासर दौरे के दौरान कांठोस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष भंवरलाल पुजारी ने अपने मैनेजमेंट सिस्टम से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने जमकर छाप छोडी है। पुजारी द्वारा की गई शानदार व्यवस्था से सीएम गहलोत भी खासा प्रभावित दिखे। पुजारी ने हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करवाकर व हेलीपेड से मंदिर तक कांठोस के झंडे व सीएम के स्वागत के लिए होर्डिंग लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री गहलोत को बालाजी मंदिर में भंवरलाल पुजारी ने बालाजी के दर्शन व पूजा अर्चना करवाई। पुजारी ने मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री का शानदार स्वागत पुजारी परिवार व कांठोस नेताओं व कार्यकर्ताओं से करवाते हुए एक - एक कार्यकर्ता का मुख्यमंत्री से परिचय करवाया। स्वागत समारोह के बाद मुख्यमंत्री गहलोत हेलीपेड से रवाना होने से पूर्व पुजारी से गुफ्तगू भी की। जिसमें मुख्यमंत्री ने पुजारी से चुरू जिला कांठोस व जिले के प्रशासनिक तंत्र का फीडबैक लिया। वन्ही व्यवस्थाओं से खुश होकर पुजारी को मुख्यमंत्री गहलोत ने साफा पहनाया व पीठ थप थपाते हुए आशीर्वाद दिया। ये सब नजारा देख सियासी गलियारों व कांठोस नेताओं में पुजारी का कद और बढ़ गया। पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने भी हेलीपेड पर मुख्यमंत्री के सामने शानदार मैनेजमेंट सिस्टम देख पुजारी की कार्य कुशलता को सराहा।

शेखावाटी फैशन शो-2022 का ग्रेण्ड फिनाले 29 को

सीकर,(निसं)। शेखावाटी में पहली बार एक ऐसे फैशन शो का आयोजन होने जा रहा है जिसमें स्थानीय मॉडल अपनी प्रतिभा का जलवा रैम्प पर बिखेरेंगे। शेखावाटी फैशन शो-2022 सीजन फर्स्ट का ग्रेण्ड फिनाले 29 जून को लोहिया रिसोर्ट में शाम 7 बजे आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार इस शो को जज करेंगी बॉलिवुड टेलिविजन एक्ट्रेस चारू आसोपा सेन, जो पहली बार सीकर आ रही है। टीवी और बॉलिवुड की दुनिया में अपना कॅरिअर बनाने, हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक युवाओ की टीम इसमें अपनी मुख्य भूमिका निभा रही है। क्योंकी इस फैशन शो में शेखावाटी के परिधान, यहां की संस्कृति, आर्ट वर्क और पारम्परिक परिधान, राजपूती परिधान को विषेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही संगम होगा वैस्टर्न डिजाइन का। शो में मिस दिव्या राजस्थान, मेघा श्याम सोनी, के डायरेक्टर अनूप चौधरी, कोरियोठाफर लविष्का राजावत और प्रोफेशनल मॉडल्स, सांस्कृतिक संध्या का विशेष आकर्षण होगा। शो को लेकर शेखावाटी के युवाओं, यहां के फैशन डिजाईनर, कला, संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाले लोगों में उत्साह का माहौल है। इस पूरे इवेंट को डिजाईन किया है मास्टर प्लानर ऑफ इवेंट प्रियंका शर्मा ने।

अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन आज

सादुलपुर, (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा हाल में लाई गई सेना भर्ती में अग्निपथ योजना के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 27 जून 2022 सोमवार को प्रात: 10 बजे सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां के नेतृत्व में मिनीसचिवालय के समक्ष शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया जायेगा। सीताराम प्रजापत महासचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी प्रकोष्ठ राज.) व सदस्य, जिला पर्यटन समिति चूरू नें बताया शेखावाटी क्षेत्र के चूरू, झुन्झुनूं व सीकर आदि क्षेत्र के युवा सेना में सबसे ज्यादा कार्यरत है, मगर देश में केन्द्र की मोदी सरकार सेनाभर्ति में अग्निपथ योजना लागू कर देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करने का काम कर रही है, जिसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस योजना का पूरजोर विरोध करती है। वहीं प्रजापत नें बताया कि कांग्रेस पार्टी के इस शांतिपूर्ण सत्याग्रह कार्यक्रम में अधिकाधिक सख्या में भागीदारी निभाकर केन्द्र सरकार द्वारा लागू की जा रही सेना भर्ती में अग्निपथ योजना के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

बणी मौहल्लें में तंग रास्ते को चौड़ा करवाने पर अभिनन्दन किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। कस्बे के बणी मौहल्ले में तंग रास्ता होने से वाहनों के आने जाने में परेशानी को लेकर नगरपालिका चेयरमैन एडवोकेट रामनिवास सैनी ने व रास्ते की सीमा से सटे लोगो ने रास्ते को चौडा करने के लिए अपनी जमीन देकर बडी बस जाने का रास्ता निकालकर समस्या का समधान किया है। मौहल्ले में मकान निर्माण व सडक निर्माण सहित अन्य सामान लाने ओर ले जाने की हमेशा समस्या बनी रहती थी। बडे वाहनों का आना जाना संभव नही था। सामग्री लाने ओर ले जाने की समस्या से लोग परेशान थे। चेयरमैन सेनी से लोगो ने रास्ते की समस्या को लेकर अवगत कराने पर सैनी ने स्वंय की जमीन दान देकर अन्य लोगो को भी प्रेरित कर रास्ता का समाधान किया। जिससे रास्ता चौडा होने पर चेयरमेन का मौहल्ले के लोगो ने स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद माहिर खॉन, शकील, मुगल, नजरूदीन, कादर हुसैन, कालूराम, आरिफ, मौहम्मद सहित कई लोगो ने चेयरमैन का अभिनन्दन किया।

अग्निपथ योजना के खिलाफ धरना आज

पाटन,(निसं)। विधानसभा क्षेत्र नीमकाथाना में अग्निपथ योजना के विरोध में चला पंचायत भवन के सामने प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि युवाओं के भविष्य एवं भारतीय सेना के गौरव पर प्रतिष्ठा के साथ भाजपा सरकार में हुए खिलवाड से न्याय दिलाने के लिए अग्निपथ योजना को वापस लिए जाने की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।अग्निपथ योजना के माध्यम से देश की तीनों सेनाओं वायु सेना, थल सेना एवंज ल सेना में चार वर्ष की अवधि के लिए 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक के युवाओं को भर्ती करने की घोषणा की गई है। केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के उद्वेलित होकर देश का युवा केन्द्र सरकार के विरूद्ध सड़कों पर आन्दोलन होकर इस योजना को वापस लेने की पुरजोर मांग कर रहा है। केन्द्र सरकार का यह निर्णय देश की सेना के गौरव, अनुशासन तथ प्रतिष्ठा के विपरीत है। सभी क्षेत्रवासियों से निवेदन है कि अग्निपथ योजना के खिलाफ धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या मे पहुचे।

तिवारी जिला अध्यक्ष बने

चूरू, (कासं.)। नागौर में आयोजित आईएफडब्ल्यूजे के जिला स्तरीय सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्रसिंह राठौड ने चूरू जिला अध्यक्ष पद की घोषणा करते हुए अमित तिवारी को चूरू जिला अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर उन्होंने साफा माला व प्रतीक चिन्ह देकर के तिवारी का सम्मान करते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मुरलीधर बोचीवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए शीघ्र ही जिले में संगठन गतिविधियों को सक्रिय करने, सदस्यता अभियान चलाने, आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा, सालासर से मनोज मिश्रा सहित चूरू जिले के साथियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों सहित पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की पुरजोर मांग की।

नेहरा अध्यक्ष बने

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा राजगढ (चूरू) की कार्यकारिणी के चुनाव रविवार सुबह निर्वाचन अधिकारी सत्यवीर सिंह कडवासरा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी कडवासरा नें बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा राजगढ (चूरू) के हुए निर्वाचन में सुरेन्द्र सिंह नेहरा को अध्यक्ष, हरिपाल जांगिड को शाखामंत्री व कोषाध्यक्ष, रामनिवास पूनियां को संरक्षक, सुनिल कुमार को सदस्य व मीडिया प्रभारी तथा सचिन कुमार, प्रमोद कुमार व राजेन्द्र बोला को सदस्य चुना गया।

सद्दाम हुसैन बने मीडिया कोऑडिनेटर

चूरू, (कासं.)। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया विभाग की ओर से नियुक्ति पत्र जारी कर चूरू के सद्दाम हुसैन को राष्ट्रीय जॉइन्ट मीडिया कोऑडिनेटर नियुक्त किया गया है। सद्दाम हुसैन की नियुक्ति पर चूरू जिले वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। सद्दाम हुसैन पूर्व में भी कई पदों पर रह चुके हैं।

राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख में प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ

- राजकीय महाविद्यालय खुलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री व विधायक का जताया आभार
- कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सिद्धमुख सहित ग्रामीणों में खुशी की लहर

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख (चूरू)में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 27 जून 2022 से प्रारंभ होगी। कॉलेज के नोडल प्रवेश प्रभारी प्रो. शीशराम ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर की प्रवेश नीति की अनुपालना में सिद्धमुख के राजकीय महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रकिया आज से प्रारंभ हो होगी। तथा प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के किसी भी ई-मित्र पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि ०9 जुलाई 2022 है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद के अथक प्रयासों से सिद्धमुख में मुख्यमंत्री बजट घोषणा में सिद्धमुख में उक्त राजकीय महाविद्यालय को खुलवाया है तथा वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख, चन्द्रावली देवी सरावगी बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित है। हांलाकि राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख के नये भवन के लिए चार बीघा भूमि एवं खेल मैदान हेतु अलग से भूमि का आवंटन किया जा चूका है। वहीं सिद्धमुख में राजकीय महाविद्यालय खुलने पर सीताराम प्रजापत राजस्थान कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव (ओबीसी प्रकोष्ठ), चूरू जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार टांडी, देवीलाल मेहरा कांग्रेस ब्लॉक प्रवक्ता, सुरेश भाटिया, बंशीलाल किरोडीवाल कांग्रेस चूरू जिला महासचिव, भवानीशंकर प्रजापति चूरू जिला युवा सचिव, ओमप्रकाश जांगिड युवा कांग्रेस चूरू जिला उपाध्यक्ष, कृष्णा टांडी पंचायत समिति सदस्य, पूजा खुडिया पंचायत समिति सदस्य, रामसिंह कस्वा सरपंच प्रतिनिधि, रमेश पूनियां पूर्व सरपंच ढाणी बडी,धर्मवीर सिहाग रामसराताल, ओमप्रकाश सुबेदार, सरपंच महावीर जांगिड, लिखमाराम चांदोरा, गणेश राजपूरोहित, मुन्शीराम प्रजापत, संजय महला, राजेश महला, महावीर प्रजापत, नरेश हलवाई, मोहरसिंह चांदोरा, रामकिशन चांदोरा आदि नें खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां का आभार जताकर खुशी जाहिर की है।

चूरू में अधिकारियों की अनदेखी से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बहा

चूरू, (कासं.)। चूरू जिला मुख्यालय पर जलदाय विभाग के उदासीन रवैये के कारण न केवल लाखों लीटर पानी नाले में बह गया। जबकि पानी की एक-एक बूंद के लिए चूरू के नई सड़क के लोग 48 घंटे तक तरसते रहे। जिला मुख्यालय पर नगर परिषद के कर्मचारियों ने ड्रेनेज नालों की सफाई के लिए जेसीबी से सड़क के नीचे चैम्बर को खोलने के लिए खुदाई की। इस दौरान मुख्य पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन आश्चार्य इस बात का रहा कि जलदाय विभाग को पता होने के बावजूद भी उक्त पाइप लाइन को रविवार शाम पांच बजे समाचार लिखे जाने तक सही नहीं किया है। शुक्रवार को क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को जलदाय विभाग शनिवार व रविवार को भी सही नहीं कर सका। यहां जलदाय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के असंवेदनशील रवैये के कारण न केवल लाखों लीटर पानी गंदे नाले में बह गया बल्कि इस प्रचंड गर्मी में नई सड़क के लोगों कों शुक्रवार से रविवार शाम पांच बजे तक पानी नहीं मिल सका। उच्च अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

चैंपियनशिप के समापन पर निर्णायक मण्डल व कोच रैफरी का सम्मान

- जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष व विश्व विजेता मैरीकॉम के कोच रहे द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप कुमार बघेला, रेलवे कोच व द्रोणाचार्य अवार्डी सागर मल धायल, रजिस्ट्रार रूपेंद्र सिंह उदावत के अलावा राजस्थान स्पोर्ट्स कौंसिल के आब्जर्वर विजयप्रताप सिंह शेखावत आदि को गेस्ट ऑफ ऑनर प्रदान किया

सादुलपुर, (निसं)। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में 38वीं राजस्थान स्टेट पुरूष एवं 22वीं राजस्थान स्टेट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन पश्चात सभी निर्णायक मण्डल, कोच रेफरी एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। वहीं प्रतियोगिता के सफल सन्चालित किये जाने पर विश्वविद्यालय का राजस्थान मुककेबाजी संघ के सचिव नरेंद्रकुमार निर्वाण ने आभार जताया।

वहीं यूनिवर्सिटी के फाउंडर डॉ. जोगेन्द्रसिंह नें कहा कि यूनिवर्सिटी में खेल का उपयुक्त वातावरण है, यहां विस्तृत खेल मैदान, बॉक्सिंग के दो रिंग तथा बास्केट बॉल व कुश्ती के लिए भी अच्छा माहौल मिलने से ओपीजेएस के खेलों में पदक भी आये हैं और यूनिवर्सिटी को चैंपियनशिप ट्रॉफी भी प्राप्त हुई है। यूनिवर्सिटी की फॉर्मर चेयरपर्सन डॉ. सरिता नें कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का आभार जताया। इस अवसर पर चूरू जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष व विश्व विजेता मैरीकॉम के कोच रहे द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप कुमार बघेला, रेलवे कोच व द्रोणाचार्य अवार्डी सागर मल धायल, रजिस्ट्रार रूपेंद्र सिंह उदावत के अलावा राजस्थान स्पोर्ट्स कौंसिल के आब्जर्वर विजयप्रताप सिंह शेखावत आदि को गेस्ट ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। बॉक्सिंग के मीडिया प्रभारी मनोज पूनिया ने बताया कि उपाध्यक्ष एन.एल. निर्वाण, उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, डॉ. राकेश चाहर, सीकर सेक्रेट्री महेंद्र लूनिवाल, विशाल निर्वाण अजमेर, घनश्याम चित्तोडिया, रूपसिंह जोधपुर, सुनील सूरा, गिरधारी सिंह करौली, ललित राजपूत, भूपेंद्रसिंह राणावत, चन्द्रिका राजे माहेश्वरी, उमेद ब्रासा नागौर, आयुषी आर्या अजमेर, दारासिंह करौली, उपाध्यक्ष पूनमसिंह शेखावत, प्रेम कुमार, शिवानी सोनी, नायब सिंह, तनिष्क आदि को अनूप सहारन बघेला के शिष्य रहे द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त सागरमल धायल, फाउंडर डॉ जोगेन्द्रसिंह, भारतीय मुक्केबाजी संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र निर्वाण एवं अनूप कुमार बघेला नें मोमेंटों देकर आभार जताया एवं उत्साहवर्धन किया। वहीं निर्वाण नें भारतीय बॉक्सिंग को ऊँचा ले जाने हेतु निष्पक्षता व लग्न से कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसी बदौलत असज निखत जरीन विश्व विजेता बनी है तथा अरुंधति कोटा, खुशबू व कल्पना आदि के पदक आये हैं। चूरू के महिला बॉक्सिंग में विंनर रहने पर द्रोणाचार्य एकेडमी के अनूप कुमार व कोच रोहित टोकस की टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया। यूनिवर्सिटी के फाउंडर डॉ. जोगेंद्रसिंह नें आल इंडिया बॉक्सिंग एसोसिएशन, राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन व चूरू जिला मुक्केबाजी संघ का आभार प्रकट किया और कहा कि यदि आल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप हमारी यूनिवर्सिटी को मिलती है तो हम सफलता पूर्व सम्पन्न कर दिखाएंगे तथा बॉक्सिंग जैसे प्रायोरिटी गेम को आगे बढाएंगे और राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर तैयार कर भेजेंगे।

बामणिया अध्यक्ष व पवन कुमार मंत्री बने

रतनगढ़,(निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार रविवार को स्थानीय पंचायत समिति सभागार में उपशाखा रतनगढ़ का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी मनोज मीणा व चुनाव पर्वेक्षक बीरबल राम धारीवाल के सानिध्य में आयोजित चुनाव में संघ अध्यक्ष मघाराम बामणिया, मंत्री पवन कुमार कड़वासारा, सदस्य छत्रपाल शर्मा, मुकेश स्वामी, सुरेंद्र सिंह बीदावत को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर ठाम सेवक पिथाराम, परमेश्वरी देवी, अरुण कुमार पुरोहित, हरलाल ढाका, श्रीराम, रामावतार, श्याम सुंदर भोजक, जग्गाराम, हिम्मत सिंह सहित अनेक ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन आज

सादुलपुर, (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा हाल में लाई गई सेना भर्ती में अग्निपथ योजना के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 27 जून को 10 बजे सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां के नेतृत्व में मिनीसचिवालय के समक्ष शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन होगा।

सिंचाई पानी के लिए किसानों ने महापड़ाव डाला

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में पानी की मांग पर किसानों ने सूरतगढ थर्मल पावर प्लांट का घेराव कर लिया है। हजारों किसान प्लांट के चारों तरफ जुट गए हैं। सैकड़ों ट्रैक्टरों में हजारों किसान यहां जुटे हुए हैं। इलाके के किसान लम्बे समय से सिंचाई के पानी की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर थर्मल प्लांट का घेराव किया गया।

बड़ी संख्या में किसानों ने थर्मल के गेट पर सभा की। इस दौरान महिलाएं भी मौजूद रही। आसपास के गांवों से बड़ी तादाद में किसान ट्रैक्टर- ट्रालियों और गाड़ियों में भरकर थर्मल गेट पर पहुंचे। किसानों के थर्मल घेराव के ऐलान के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट सूरतगढ़ तहसीलदार हाबूलाल मीणा और सूरतगढ़ डीएसपी शिवरतन गोदारा, डीएसपी विक्की नागपाल स्थिति पर नजर बनाये हुए थे। माइनर निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों से दोपहर 2 बजे प्रशासन ने वार्ता की पेशकश की। जिसे किसान नेताओं ने ठुकरा दिया।

इसके बाद किसान नेताओं ने जिला कलेक्टर से वार्ता करने की मांग रखी। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कलेक्टर से वर्चुअल बैठक की बात कही। लेकिन किसान नेता धरनास्थल पर ही वार्तो की मांग दोहराते रहे। इससे पहले आज की बैठक को भाजपा के पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, किसान मजदूर संघर्ष समिति के रणजीत सिंह राजू, सन्तवीर सिंह मोहनपुरा, ओम राजपुरोहित, मोहन पूनिया, राकेश बिश्नोई, रामू छिम्पा, कॉमरेड लक्ष्मण शर्मा, नरेन्द्र घिंटाला और अन्य ने संबोधित किया। वक्ताओं ने राज्य सरकार पर पूर्व में हुए समझौते के उल्लघंन के आरोप लगाए। एटा-सिंगरासर माइनर निर्माण आंदोलन के दौरान शाम को किसान वार्ता की संभावना न होते देख थर्मल के घेराव के लिए नारेबाजी करते हुए सभा स्थल से रवाना हुए। प्लांट के दो नंबर गेट पर जमकर प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारियों शिवरतन गोदारा, विक्की नागपाल, रामकुमार लेघा, पवन चौधरी के द्वारा काफी देर तक समझाइश के प्रयासों के बाद किसान सभा स्थल वापस लौट आये। इससे प्रशासन को कुछ राहत महसूस हुई। लेकिन इसके बाद किसानों ने सभा स्थल से अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी। प्रशासन को जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर अल्टीमेटम भी दे दिया कि 2 जुलाई को प्लांट की कोल लाइन पर कब्जा करेंगे। यह घोषणा संघर्ष समिति के संयोजक राकेश बिश्नोई ने की।

आनलाईन आवेदन 27 जून से शुरू होंगे

पाटन,(निसं)। शेखावाटी यूनिवर्सिटी द्वारा राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2022-23 के लिए स्नातक भाग प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 27 जून सोमवार से प्रारंभ होगी। राजकीय महाविद्यालय पाटन के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान द्वारा सत्र 2022-23 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष के लिए आनलाईन प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा आनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र ई मित्र के माध्यम से भरने की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि 27 जून व आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 9 जुलाई 2022 निर्धारित की गई है। महाविद्यालय महाविद्यालय पाटन में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी ई मित्र पर आनलाईन आवेदन करते समय विषय संयोजन का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर आवेदन सबमिट करें। विद्यार्थियों को आनलाईन आवेदन करने में किसी तरह की समस्या हो तो वे डॉ मदन लाल मीना, नोडल अधिकारी राजकीय महाविद्यालय पाटन प्रवेश समिति के संयोजक डॉ योगेश कुमार सबल से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

- समाज का प्रत्येक व्यक्ति यदि समाजोत्थान में लग जाएं तो समाज नई ऊंचाइयों को छूता है : विधायक महर्षि

रतनगढ़,(निसं)। गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण व अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

भगवान परशुराम के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल, मुख्य अतिथि विधायक अभिनेश महर्षि, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांठोस कमेटी सदस्य रमेश चंद्र इन्दौरिया, राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल थे। कार्यक्रम में विजय कुमार हरितवाल ने कहा कि समिति जिस तरह कार्य कर रही है वह प्रशंशा के योग्य हैं। समाज के आवश्यकता अनुसार कानजी हरितवाल ट्रस् हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

इस अवसर पर विधायक महर्षि ने कहा कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति यदि समाजोत्थान में लग जाएं तो समाज नई ऊंचाइयों को छूता है। निस्संदेह नई कार्यकारिणी सभी को जोड़कर इस कार्य में लगेंगी। विशिष्ट अतिथि इन्दौरिया ने उपस्थित नारी शक्ति का अभिवादन करते हुए समाज हित कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। समिति अध्यक्ष जयाकांत बीवांल ने सभी आगंतुकों का शाब्दिक स्वागत करते हुए कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमे देहात अध्यक्ष भवानी शंकर सिंवाल, युवक संघ अध्यक्ष निलेश इंदौरिया व महिला अध्यक्ष उषा शर्मा को मनोनीत किया किया। सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर सभी का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया।कार्यक्रम को संतोष कुमार इन्दौरिया, गौतम महर्षि, कमलकान्त शर्मा, भीष्म महर्षि ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम मे रतनगढ़ की समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संपादक एवं संवाददाताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बद्री प्रसाद महर्षि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समिति निर्वाचन के समय की गई 11 लाख की घोषणा के पश्चात आज उन्होंने समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री के अलावा लड़कियों के विवाह में घरेलू सामान की आवश्यकता को पूर्ण करने का आश्वासन दिया तथा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगवाने में भी आर्थिक सहयोग की घोषणा की जिस पर समिति द्वारा ट्रस्ट के प्रतिनिधि के रूप मे रूबी महर्षि का अभिनन्दन किया गया।इस अवसर पर भोमराज बिंयाला, तारकेश्वर पुरोहित, राजकुमार महर्षि, बालकिशन महर्षि, नृसिंह राम, जगदीश धरड़, जगदीश सांखोलिया, सूरज शर्मा, मूलचंद-शिवकुमार, विवेक गौड़, गौमती देवी, जितेंद्र बबेरवाल, भीष्म महर्षि, कन्हैयालाल सांखोलिया, भानु प्रकाश शर्मा, महेश शर्मा का आर्थिक सहयोग करने वाले अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर वैद्य लक्ष्मी नारायण शर्मा, भजनलाल इन्दौरिया, रामगोपाल इन्दौरिया, रामदेव शर्मा, ओम प्रकाश सांखोलिया, सहित प्रबुद्ध विप्रजन उपस्थित थे। संचालन नरेंद्र सांकृत्य ने किया।

सार-समाचार

शोक सभा का आयोजन

चूरू, (कासं.)। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर में आज डॉ. शेरसिंह बीदावत की स्मृति में शोक सभा का आयोजन हुआ। जानकारी के अनुसार सचिव ने बताया कि नगर श्री के ट्रस्टी एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शेरसिंह बीदावत के आकस्मिक निधन पर आयोज्य श्रद्धांजलि सभा में नगर श्री ट्रस्टी रामगोपाल बहड़, पेंशनर समाज के मंत्री पूर्णमल सोनी, हिन्दी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा खामोश, प्रयास संस्थान के अध्यक्ष दूलाराम सहारण, रुक्टा के पदाधिकारी प्रो. डॉ. सुरेन्द्र डी. सोनी, पुरस्कृत शिक्षक फार्म के ओमप्रकाश तंवर, युक्ति समाजिक शोध संस्थान रमेश सोनी, जाकिर हुसैन संस्थान के प्राचार्य मो. इदरीश खत्री राज, स्वरमंडल के डॉ. श्यामसुन्दर शर्मा, डॉ. मोतीलाल सोनी, पुरूषोतम चांद, रामसिंह बीका ने डॉ. शेरसिंह बीदावत के जीवन से जुड़े अनेक सस्मरण व प्रसंग सुनाकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ. बीदावत के सौम्य, सरल, मृदल स्वभाव व संगठनात्मक प्रतिभा युक्त व्यक्तित्व की भूरीभूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. बीदावत की एक कविता की रिकॉर्डिंग सुनाकर उनके स्वरों की ताजगी महसूस की गई। शहर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. बीदावत के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। नगरश्री सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने नगरश्री की ओर से शोक संवेदन संदेश पढ़कर सुनाया, स्व. गोविन्द अग्रवाल सुपुत्र प्रेमप्रकाश अग्रवाल द्वारा वाट्सअप से भेजे गए संदेश का वाचन किया गया तथा दोनों संदेश बीदावत के पौत्र हितेन्द्र को शोक संदेश समर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पुष्पाजंलि की।

नंदकिशोर लुहारीवाला की स्मृति में उनके पुत्रों ने व्हीलचेयर भेंट की

सादुलपुर, (निसं)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधार्थ एक ओर व्हीलचेयर नंदकिशोर लुहारीवाला की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा भेंट की गई है। इसी दौरान लुहारी वाला परिवार के प्रतिनिधि वासुदेव, गौरव लोहारी वाला व श्याम जैन नें व्हीलचेयर स्थानीय रेलवे स्टेशन अधीक्षक मूलचंद मीणा को सौंपी हैं। वहीं मीणा नें लुहारीवाला परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे असहाय, बीमार तथा बुजुर्ग यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी रेलवे स्टेशन पर सामाजिक कार्यकर्ता श्याम जैन की प्रेरणा से दो व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जा चूकी है। उसमें से एक व्हीलचेयर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति को देखते हुए करीब नौ हजार रुपए की लागत की उच्च क्वालिटी की यह व्हीलचेयर दी गई है। गौरतलब है कि नंदकिशोर लुहारी वाला परिवार द्वारा सावर्जनिक उपयोग के लिए दो व्हीलचेयर प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सादुलपुर जंक्शन पर एकमात्र कुली है, इस स्थिति को देखते हुए यात्रियों को सामान लाने व ले जाने के लिए ट्रॉली की व्यवस्था भी शीघ्र ही उपलब्ध करवाई